Appendix-X

## प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर-302004

**पठन ज्ञान:-**

1. प्रशिक्षणार्थियों के रुचि के साहित्य का सही विराम के साथ पढ़ना।
2. नवसाक्षरों के लिए लिखी पुस्तक के 50 शब्द एक मिनट में पढ़ना।
3. सड़क चिन्ह, सूचनार्थ छापे, सादा निर्देश, नवसाक्षरों के लिए समाचार पत्र आदि समझ कर पढ़ना।
4. अपने कार्य व जीवन से सम्बन्धित सादा लिखे हुए संदेश समझना व पढ़ना।

**लेखन ज्ञान:-**

1. एक मिनट में सात शब्द की इमला लेना।
2. एक मिनट में दस शब्द की नकल करना।
3. प्रार्थना व व्यक्तिगत पत्र लिखना जैसा साधारण जरूरत के फार्म भरना।
4. सही जगह छोड़ कर लिखना।

**अंक ज्ञान---**

1. 1 से लेकर 1000 तक गिनती लिखना व पढ़ना
2. सादा जोड़, घटाना, गुणा, भाग करना. तीन अंक तक के
3. अपना व्यक्तिगत हिसाब किताब रखना।
4. मैट्रिक प्रणाली के वजन, नाप, सिक्के, समय, दूरी व क्षेत्रफल का ज्ञान
5. अनुपात, प्रतिशत, ब्याज आदि का साधारण ज्ञान व रोज मर्रा के व्यवसाय में उसका प्रयोग।

## राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम

## परीक्षा एवं स्तर निर्धारण के परिणाम की मानदण्ड प्रक्रिया

कौशल-स्तर
वाचन/प्रथम स्तर
( चार माह पश्चात )

| न्यूनतम वांछित मानदण्ड | परीक्षण प्रक्रिया | परिणाम व्याख्या |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी समस्त वर्ण व मात्रा के समस्त अक्षरों को मात्राओं सहित पहचानने योग्य हो | मात्राओं सहित 5 अक्षरों का वाचन कराया जावे। | अच्छा-यदि 5 अक्षरों<br>सामान्य- 3से 4 अक्षरों सही वाचन<br>निम्न-3 से कम अक्षरों का सही वाचन |
| शिक्षार्थी 2,3 अक्षरों से बनने वाले शब्दों को बिना अटके शुद्ध रूप से पहचानने योग्य हो। | 2,3 अक्षरों से बनने वाले 5 शब्दों का चयन कर शिक्षार्थी से वाचन कराया जावे। | उपरोक्त विधि अनुसार स्तर निर्धारण किया जावे। |
| शिक्षार्थी 3 अक्षरों से बनने वाले 7-8 शब्दों के 4-5 वाक्य बिना गलती किये गतिशील वाचन करने योग्य हो। | शिक्षार्थी से 3 अक्षरों से बनने वाले अधिक से अधिक 5 वाक्य चयन कर वाचन कराया जावे और देखा जावे कि वह बिना गलती किये गतिशील वाचन कर सके। | अच्छा-समस्त 5 वाक्यों का सही और गति पूर्ण वाचन।<br>सामान्य-समस्त 5 वाक्यों का धीरे किन्तु सही वाचन।<br>निम्न-अशुद्ध और गलत वाचन करने के लिए |
| शिक्षार्थी उपरोक्त वाक्यों के समकक्ष वाक्यों के अर्थ को समझने योग्य हो | उपरोक्त वर्णित वाक्यों के समकक्ष में से तीन प्रश्नों के द्वारा जांच की जावे। | अच्छा-यदि समस्त तीनों उत्तर सही हों।<br>सामान्य-यदि 2 उत्तर सही हों।<br>निम्न-यदि 2 से कम सही उत्तर हों। |

वाचन/द्वितीय स्तर
( 6 माह पश्चात)

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी बिना अटके (दोहराये) मात्राओं सहित संयुक्त अक्षरों के वाचन के योग्य हो। | संयुक्त अक्षर वाले 5 शब्द क्रमशः कठिन से कठिनतर क्रम में रखा कर शिक्षार्थी से कराना । | श्रेणी निर्धारण निम्नानुसार<br>अच्छा- समस्त शब्दों का सही वाचन।<br>सामान्य 3 से 4 शब्दों का सही वाचन ।<br>निम्न- तीन से कम शब्दों का सही वाचन। |
| शिक्षार्थी 8-10 शब्दों वाले 6-7 वाक्यों का एक अनुच्छेद शुद्ध और गतिपूर्ण करने योग्य हों। | 6-7 वाक्यों का एक अनुच्छेद वाचन के लिए दें। | अच्छा- समस्त वाक्यों का शुद्ध और गतिपूर्ण वाचन।<br>सामान्य- धीरे धीरे एवं कुछ अशुद्धियों से वाचन।<br>निम्न- अशुद्ध एवं अटक अटक कर वाचन। |
| शिक्षार्थी अनुच्छेद का मौन वाचन कर उसका अर्थ ग्रहण कर सके। | शिक्षार्थी को अनुच्छेद अनुसार मौन वाचन कराया जावे और तीन प्रश्नों द्वारा उसके ज्ञान की जांच की जावे। | अच्छा- समस्त उत्तर सही हों।<br>सामान्य- 2 सही उत्तर दिए।<br>निम्न- 2 से कम सही उत्तर दिए। |

वाचन/तृतीय स्तर
( 8 माह पश्चात)

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिक्षार्थी परिचित 10-12 शब्दों से निर्मित 7-8 वाक्यों के अनुच्छेद का शुद्ध, गतिशील तथा सही विराम के साथ सस्वर वाचन कर सके। | | 8 माह तक सीखी गई साक्षरता सामग्री के आधार पर 75 शब्दों का 7-8 वाक्यों से एक अनुच्छेद बनाया जावे और सस्वर वाचन के लिये दिया जावे। | श्रेणी निर्धारण निम्नानुसार गतिशीलता की जांच<br>-----------------<br>अच्छा- 50 व इससे अधिक शब्दों का शुद्ध वाचन ।<br>सामान्य- इससे शब्दों का शुद्ध वाचन।<br>निम्न- 25 से कम शब्दों का शुद्ध वाचन। |
| | 1- | गति की परख के लिए अशुद्ध एवं अटक कर पढ़े गये शब्दों को अंकित किया जावे | विराम आदि की जांच<br>-----------------<br>अच्छा- 60% विराम व सही स्थानों पर जोर देकर वाचन करने पर। |
| | 2- | वाचन के समय अशुद्ध विराम तथा जोर दिये गये स्थानों को अंकित किया जावे। | सामान्य- 30 से 60% विराम व सही स्थानों पर जोर देकर वाचन करने पर।<br>निम्न- 30% से कम विराम व सही स्थानों पर जोर देकर वाचन करने पर। |
| 10-12 पढ़े हुए शब्दों से बने 7-8 वाक्यों के अनुच्छेद का मौन वाचन कर उसका अर्थ ग्रहण कर सके। | | एक अनुच्छेद का निर्माण कर 5 प्रश्नों के उत्तरों से जानकारी की जांच की जावे। | अच्छा- यदि 4 या 5 उत्तर सही हों।<br>सामान्य- यदि 2 या 3 सही हों।<br>निम्न- 2 से कम सही उत्तर होने पर |

/..

लेखन/प्रथम स्तर
(चार माह पश्चात )

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी 1 से 3 अक्षरों से बनने वाले परिचित शब्दों के 3, 4 वाक्यों को जिसमें 1-2 मात्राओं का भी प्रयोग हो, आसानी से एवं सही ढंग से लिख सके। | 6 से 7 शब्दों की 3 वाक्य, जिनमें कुछ मात्राओं का भी प्रयोग हो, लेखन के लिए दिये जायें। | श्रेणी निर्धारण निम्न- अच्छा 15 व इससे अधिक शब्दों के सही लेखन पर। सामान्य 11 से 14 शब्दों के सही लिखने पर। निम्न 11 से कम शब्दों के सही लिखने पर। |
| 1 से 3 अक्षरों के शब्द अपनी इच्छानुसार शिक्षार्थी मात्रा और बिना मात्राओं के लिख सके। | शिक्षार्थी को 5 शब्द अपने विचार से लिखने के लिए कहना। | अच्छा-यदि समस्त शब्द सही हों। सामान्य-3-4 शब्द सही होने पर। निम्न-2 से कम शब्द सही होने पर। |
| 1 से 3 अक्षरों से व मात्राओं से बने हुए शब्दों का श्रुतिलेख। | 1 से 3 अक्षरों से बने शब्दों का श्रुतिलेख दिया जावे। | अच्छा- यदि 8 से 10 शब्द सही हों। सामान्य-यदि 3 से 7 शब्द सही हों। निम्न-3 से कम शब्द सही होने पर। |

लेखन/द्वितीय स्तर
( 6 माह पश्चात )

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी कुछ मात्राओं व संयुक्त अक्षरों के 50 शब्दों से अथवा 6-7 वाक्यों से निर्मित अनुच्छेद की नकल करने | लगभग 50 शब्दों से बने 6 वाक्यों के 3 अनुच्छेद, जिनमें कुछ अक्षर भी हों लिखने को दिये जावें। | श्रेणी निर्धारण निम्न- अच्छा-यदि 5 से 6 वाक्य सही हों। निम्न-यदि 1 से 2 वाक्य से कम सही हों। |
| मात्राओं एवं संयुक्त अक्षर के सरल वाक्यों का श्रुतिलेख लिख सके। | 3 लघु वाक्य जो मात्राओं और संयुक्त अक्षरों द्वारा बने हों का श्रुतिलेख। | अच्छा-यदि समस्त वाक्य सही हों। सामान्य-यदि 2 वाक्य सही हों। निम्न-यदि 1 से कम वाक्य सही हों। |

लेखन/तृतीय स्तर
(6 माह उपरान्त)

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी एक सरल अनुच्छेद को सही विराम, दूरी तथा शीघ्रता में नकल कर सके। | 75 शब्दों के बने 6-10 वाक्यों के एक अनुच्छेद की विराम आदि सहित नकल। | श्रेणी निर्धारण निम्नानुसार<br>अच्छा-उचित विराम आदि सहित समस्त वाक्यों की<br>सामान्य-सही नकल करने पर किन्तु विराम व स्थान आदि का ध्यान नहीं रखने पर।<br>निम्न-अशुद्ध नकल करने व उचित दूरी के बिना लिखने पर। |
| शिक्षार्थी पाठ्यसामग्री में से एक छोटे अनुच्छेद का श्रुतलेख कर सके। | सीखी गई सामग्री में से 50 शब्दों के 6 वाक्यों से निर्मित अनुच्छेद का श्रुतलेख। | अच्छा-5-6 वाक्य सही लिखने पर<br>सामान्य-3-4 वाक्य सही लिखने पर।<br>निम्न-अन्य के लिए। |
| शिक्षार्थी पत्र एवं प्रार्थना पत्र, अपने पत्र की फीस की रियायत, ऋण व [illegible] आदि के लिए लिखने योग्य हो। | शिक्षार्थी से किसी घटना का वर्णन करते हुए मित्रों या रिश्तेदारों को पत्र लिखना। | अच्छा-3-4 अशुद्धियां रहते भी [illegible] ढंग से पत्र लिखा गया हो।<br>सामान्य-सही स्वरूप और ढंग के बिना और [illegible] अशुद्धियां होने पर<br>निम्न-सही रूप और ढंग न हो और अनेक अशुद्धियां होने पर। |
| शिक्षार्थी मनीआर्डर धनराशि जमा कराने निकालने आदि के निर्धारित प्रपत्र आदि भरने योग्य हों। | मनीआर्डर फार्म भरने के लिए दिया जावे। | अच्छा-शुद्ध एवं सही स्थान पर सही सूचना फार्म में भरने पर।<br>सामान्य-लेखन में बिना गलती किये उचित स्थान पर नहीं भरने पर।<br>निम्न-अनेक गलतियां करने व न लिखा जाने की स्थिति में। |

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी 100 तक की संख्या को पहचान सके एवं पढ़ सके। | कोई 5 अंक लिखे हुए अथवा छपे हुए को स्पष्ट पढ़वाना | श्रेणी-निर्धारण निम्नानुसार<br>अच्छा-सभी 5 अंक सही पढ़ने पर<br>सामान्य 3 से [illegible] अंक पढ़ने पर।<br>निम्न 3 से कम अंकों के पढ़ने पर |
| शिक्षार्थी 100 तक की संख्या की गणना कर सके। | कोई 10 अंक लिखाये जायें जैसे 65 से 74 के बीच। | अच्छा- यदि 7 से 10 अंक सही हों।<br>सामान्य-5 से 6 अंक सही होने पर।<br>निम्न 4 से कम। |
| शिक्षार्थी 100 तक संख्या लिख सके एवं 100 से 1000 तक की संख्या का गणित लिख सके। | 5 चयनित संख्या लिखवाई जाये। | अच्छा-यदि पांचों अंक सही लिखे हों तो।<br>सामान्य 3से4 अंक सही होने पर।<br>निम्न तीन से कम सही अंक होने पर। |
| शिक्षार्थी साधारण जोड़ कर लें। | साधारण जोड़ संबंधी पांच प्रश्न दिये जायें। | अच्छा-चार से पांच जोड़ सही<br>सामान्य- तीन जोड़ सही<br>निम्न तीन से कम जोड़ सही। |

गणित/द्वितीय स्तर
(छः मास पश्चात)

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी 1000 तक की संख्या लिख सके। | शिक्षार्थी से तीन अंकों की पांच संख्याएं लिखाई जावे। | श्रेणी निर्धारण:-<br>अच्छा-चार से पांच तक<br>सामान्य-तीन संख्याओं तक<br>निम्न- तीन से कम। |
| शिक्षार्थी 1000 तक की संख्या पढ़ सके तथा पहचान सके। | शिक्षार्थी से कोई 5 संख्यायें पढ़ने के लिए कहा जावे। | अच्छा-7 से 10 संख्या सही पढ़ सके।<br>सामान्य- तीन से चार<br>चार सही पढ़ सके।<br>निम्न- तीन से कम। |
| शिक्षार्थी 1000 तक की संख्या क्रमानुसार गिन सके। | शिक्षार्थी से कोई 10 लगातार संख्याएं लिखाई जावे। जैसे 295 से 304 | अच्छा- 7 से 10 संख्या लिखाने पर।<br>सामान्य- 4 से 6 संख्या लिखाने पर।<br>निम्न- 4 से कम संख्या |
| शिक्षार्थी 2 संख्याओं की जोड़ बाकी गणना कर सके। | पांच प्रश्न जोड़ के तथा पांच बाकी के दिये जावें। | अच्छा- सभी सही उत्तर।<br>सामान्य-दो सही उत्तर।<br>निम्न- दो से कम। |

## गणित/तृतीय स्तर
### (आठवें माह के अंत में)

| | | |
|---|---|---|
| शिक्षार्थी तीन अंको की जोड़ बाकी तथा दो अंको का गुणा तथा कर सके। | प्रत्येक वर्ग में से पांच प्रश्न दिये जावें। | श्रेणी-निर्धारण:-<br>अच्छा-सभी सही उत्तर।<br>सामान्य-दो सही उत्तर।<br>निम्न- दो से कम। |
| शिक्षार्थी अपने प्रतिदिन के व्यय का हिसाब रख सके तथा पास बुक की प्रविष्टियों की जांच कर सके। | तीन प्रश्न प्रतिदिन की आय तथा व्यय संबंधी देकर शेष ज्ञात करावें। | अच्छा-सभी सही उत्तर<br>सामान्य-दो सही उत्तर।<br>निम्न- दो से कम |
| शिक्षार्थी सामान्य ब्याज की गणना कर सके। | ब्याज संबंधी तीन प्रश्न दिये जावे | अच्छा-सभी सही उत्तर।<br>सामान्य-दो सही उत्तर।<br>निम्न- दो से कम। |